


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 10 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 166 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर केंद्र सरकार को मुआवजा नीति बनानी होगी



**नई दिल्ली।** कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे, जिसके तहत कोविड वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान होता है तो उसे नो-फॉल्ट मुआवजा दिया जा सके। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति को वैक्सीन के कारण नुकसान हुआ है तो वह कानून के तहत उपलब्ध अन्य कानूनी रास्तों का भी इस्तेमाल कर सकता है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि नो-फॉल्ट मुआवजा की नीति बनाना सरकार की गलती या जिम्मेदारी मानने के बराबर नहीं होगा।

## खराब मौसम के कारण दिल्ली से रांची आने वाली फ्लाइट कोलकाता डायवर्ट




**रांची।** खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण दिल्ली से रांची आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट संख्या IX-1046 को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। यह फ्लाइट बुधवार सुबह करीब 9.25 बजे रांची एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार फ्लाइट रांची पहुंचने के बाद कुछ समय तक आसमान में चक्कर लगाती रही, लेकिन विजिबिलिटी बेहतर नहीं होने के कारण पायलट ने सुरक्षा के मद्देनजर विमान को कोलकाता डायवर्ट करने का निर्णय लिया। बताया गया कि खराब मौसम के कारण रांची एयरपोर्ट पर लैंडिंग संभव नहीं हो सकी। इसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया। फ्लाइट के डायवर्ट होने से यात्रियों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा।

# देश में गैस किल्लत बढ़ी

## पूरे देश में ECA लागू : औद्योगिक इस्तेमाल पर लगी रोक

● जमाखोरी और कालाबाजारी पर कसेगी लगाम


● नियमों का उल्लंघन करने पर सज़ा के साथ ज़ुमाने का प्राविधान




**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच उपजे तनाव के बाद दुनियाभर में गैस, पेट्रोल और डीजल की कमी देखी जा रही है। देशों के ईंधन भंडारों में कमी आई है। इस बीच भारत में भी गैस को लेकर किल्लत देखी जा रही है। इसलिए भारत सरकार ने किसी भी तरह की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए Essential Commodities Act, 1955 यानी आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ESMA) लागू कर दिया है। इसके साथ ही आदेश दिया गया है कि रिफाइनरियां और पेट्रोकेमिकल प्लांट गैसों का इस्तेमाल अब पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट या दूसरे औद्योगिक कामों के लिए नहीं कर सकेंगे और इसे सीधे एलपीजी पूल में भेजेंगे। केंद्र सरकार की ओर जारी गजट में कहा LPG भारत में घरों में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला एक जरूरी ईंधन है, इसलिए इसकी लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसलिए अब रिफाइनरियां और पेट्रोकेमिकल प्लांट गैसों का इस्तेमाल अब पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट या दूसरे औद्योगिक कामों के लिए नहीं कर सकेंगे। इसका सीधा मतलब है कि गैसों को सीधे LPG बनाने में ही लगाया जाएगा, ताकि घरों में रसोई गैस की कमी न हो। बताते चलें कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (Essential Commodities Act, 1955) जरूरी वस्तुओं के उत्पादन, आपूर्ति और वितरण को नियंत्रित करता है। इस कानून के जरिए जमाखोरी और कालाबाजारी को रोककर कीमतों को काबू में रखा जाता है। इसके तहत सरकार स्टॉक सीमा तय कर सकती है। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उल्लंघन करने पर अपराधी को 3 महीने से लेकर 7 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। यह कानून जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त सजा का प्रावधान करता है, जिसमें खाद्य पदार्थों से जुड़े अपराधों में कम से कम 3 महीने की अनिवार्य सजा हो सकती है।

# लोकसभा में स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

● विपक्ष के 50 सांसदों ने पक्ष में किया वोट



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। 50 से ज्यादा सांसदों ने पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। अब इस प्रस्ताव पर 10 घंटे चर्चा चलेगी। विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। इस दौरान कांग्रेस ने स्पीकर की गैर-मौजूदगी में डिप्टी स्पीकर के नियुक्त ना करने पर सवाल उठाए। कहा कि चेयर पर बैठे पीठासीन जगदंबिका पाल कैसे इस दौरान कार्यवाही चला सकते हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि देश का नेतृत्व कमकोर और बुजदिल है। डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने की परम्परा रही है। 16वीं लोकसभा में -उँ में शामिल रहे अन्नाद्रमुक के थंबीदुरई को यह पद दिया गया था, जबकि, 17वीं और 18वीं लोकसभा में किसी को भी डिप्टी स्पीकर नहीं बनाया गया। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए पॉइंट ऑफ ऑर्डर उठाया और कहा कि जब स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही हो, तब स्पीकर को कार्यवाही की अध्यक्षता करने का अधिकार नहीं होता। उन्होंने कहा कि अभी तक डिप्टी स्पीकर नियुक्त नहीं किया गया है और जो व्यक्ति चेयर पर बैठे हैं, वे भी स्पीकर की मंजूरी से ही आए हैं, इसलिए वे इस प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं चला सकते। उन्होंने मांग की कि बहस शुरू करने से पहले सदन की सहमति से तय किया जाए कि कार्यवाही की अध्यक्षता कौन करेगा। निशिकांत दुबे ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि नियमों के अनुसार चेयर पर बैठा कोई भी व्यक्ति स्पीकर जैसी शक्तियां रखता है और वह कार्यवाही की अध्यक्षता कर सकता है। किरेन रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया। केसी वेणुगोपाल ने सरकार पर डिप्टी स्पीकर नियुक्त न करने को लेकर हमला बोला और कहा कि बहस

## कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई बंद



● रेस्टोरेंट्स और होटलों में तालाबंदी की नौबत

**नई दिल्ली।** भारत में कुकिंग गैस (LPG) की सप्लाई को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इसके चलते मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। इससे इन राज्यों रेस्टोरेंट्स और होटलों के बंद होने की नौबत आ गई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारत आने वाले LPG शिपमेंट में देरी हो रही है, जिससे घरेलू बाजार में गैस की किल्लत शुरू हो गई है।

# बजट सत्र में घमासान



● मकरद्वार प्रदर्शन, सदन के अंदर नारेबाजी

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन, मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने संसद के प्रवेश द्वार मकर द्वार की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम एशिया में संघर्ष से निपटने के सरकार के तरीके के खिलाफ नारे लगाए। उन्हें पोस्टर और एक बैनर पकड़े देखा गया जिस पर लिखा था 'प्रधानमंत्री समझौता कर चुके हैं'। बैनर पर प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ तस्वीरें थीं। प्रदर्शनकारियों में वे सांसद भी शामिल थे जिन्हें बजट सत्र के पहले चरण में अव्यवस्थित व्यवहार के कारण सत्र के शेष भाग के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। इस बीच, दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने पर, भाजपा सांसद संध्या राय ने लोकसभा में सत्र की अध्यक्षता की और संसद के उच्च सदन में अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने सत्र की अध्यक्षता की।

## यूपी कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

● कई गांवों को मिलेगी पहली बार बस सेवा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 31 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई, जब-ाकि तीन प्रस्तावों को होल्ड पर रखा गया। बैठक में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब किसी भी संपत्ति को बेचने से पहले विक्रेता का नाम खतौनी में मिलान किया जाएगा। यदि नाम अलग पाया जाता है तो रजिस्ट्रेशन विभाग इसकी जांच करेगा। परिवहन विभाग से जुड़े प्रस्ताव के तहत सीएम ग्राम परिवहन योजना 2026 को स्वीकृति दी गई है। योजना के तहत 59,163 ग्राम सभाओं को बस सेवा से जोड़ा जाएगा। जिन 12,200 गांवों में अब तक बस सेवा नहीं थी, वहां भी 28 सीटर बसें चलाई जाएंगी।


## ईरान ने तेल निर्यात रोकने की धमकी दी

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने कहा कि जब तक युद्ध जारी रहेगा, ईरानी सेना अमेरिका और इजराइल के सहयोगियों को इस क्षेत्र से तेल निर्यात नहीं करने देगी। ईरानी सशस्त्र बल. अगले आदेश तक इस क्षेत्र से अमेरिका-इजरायल और उसके सहयोगियों को एक लीटर भी तेल निर्यात नहीं करने देंगे। चाहे इजरायल-अमेरिका हो या फिर ईरान कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। दोनों एक-दूसरे पर लगातार मिसाइलें दाग रहे हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बच जारी तनाव ने मिडिल ईस्ट में संकट खड़ा कर दिया है।

# खबरदार! तेल रोकने की गलती मत करना

## ट्रंप ने ईरान को दी डेथ, फायर एंड फ्यूरी की धमकी

● बीस गुना अधिक कठोर सैन्य कार्रवाई करेगा अमेरिका



**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बेहद सख्त चेतावनी जारी की है। ट्रंप ने कहा है कि यदि ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली तेल आपूर्ति को रोकने या बाधित करने की कोशिश की, तो अमेरिका पहले से 20 गुना अधिक कठोर जवाबी कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने बयान में ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान तेल आपूर्ति को प्रभावित करता है, तो अमेरिका ऐसे सैन्य कदम उठाएगा जिससे ईरान की रणनीतिक क्षमताएं खत्म हो सकती हैं। ट्रंप ने अपने संदेश में बेहद कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि अगर ईरान ने ऐसी कोई कार्रवाई की, तो उस पर 'मौत, आग और तबाही' का कहर टूट सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसे लक्ष्यों को निशाना बना सकता है जिन्हें नष्ट करना आसान है और जिनसे ईरान की भविष्य में पुनर्निर्माण क्षमता भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। बताते चलें कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्गों में से एक माना जाता है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचता है। दुनिया के कई बड़े ऊर्जा आयातक देश, विशेषकर एशियाई अर्थव्यवस्थाएं, इस मार्ग पर काफी हद तक निर्भर हैं। ऐसे में यदि यहां किसी प्रकार की बाधा आती है तो वैश्विक तेल बाजार और ऊर्जा सुरक्षा पर बड़ा असर पड़ सकता है। इस मार्ग की सुरक्षा को सुनिश्चित करना उन देशों के लिए भी महत्वपूर्ण है जो बड़े पैमाने पर इस रास्ते से तेल आयात करते हैं। जिनमें चीन भी शामिल है।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 33.3°C
● तापमान न्यूनतम : 21.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.59
वाराणसी, 10 मार्च, मंगलवार, 2026 (3)







# टर्निंग प्वाइंट पर मौसम

## तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ बूंदाबांदी के भी आसार

**● पहाड़ों पर होने वाले बदलाव का असर मैदानों तक पहुंचेगा**



वाराणसी। वाराणसी में मौसम का रुख अब बदला हुआ है। दो दिनों से हल्के बादलों के धुंधलके के बीच वातावरण में नमी का स्तर भी कुछ बढ़ा है। न्यूनतम तापमान अब बीस डिग्री के ऊपर तक जा पहुंचा है। इसकी वजह से आने वाले दिनों में मौसम का रुख बदलने का संकेत भी है। मौसम विभाग ने बदलाव को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। बादलों की आवाजाही के बीच भी मौसम का रुख अब धीरे धीरे गर्मी की ओर बढ़ रहा है। आज मंगलवार की सुबह वातावरण में धुंधलके सरीखा कोहरे सा असर दिखा लेकिन इसका असर ज्यादा देर तक नहीं रहा। लेकिन दिन चढ़ने पर भी आसमान से सूरज का तापमान प्रभावी नहीं हो सका। ठंडक का असर भी कुछ खास नहीं रहा। माना जा रहा है कि पहाड़ों पर मौसम बदलने का यह असर मैदानी क्षेत्रों में पहुंचने लगा है। इसकी वजह से सुबह सूरज का ताप प्रभावी नही हो सका, यही रुख सोमवार को दिन में रहा तो मंगलवार की दोपहर तक भी यही स्थिति नजर आई। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 33.3°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 21.2°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 6.4 डिग्री तक अधिक रहा। न्यूनतम आर्द्रता 57 प्रतिशत और अधिकतम 88 प्रतिशत दर्ज की गई।जबकि बादलों की हल्की स्थिति की वजह से पूर्वांचल के कई क्षेत्रों में धुंधलके का असर मंगलवार को भी बना रहा। मौसम विभाग ने 15 मार्च को बादलों की आवाजाही का संकेत दिया है। इसकी वजह से आने वाले दिनों में तापमान में उतार चढ़ाव का भी रुख बना रह सकता है।

## बरेका चिकित्सालय में पोस्ट बजट वेबिनार का सजीव प्रसारण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दिनांक 09 मार्च 2026 को बनारस रेल इंजन कारखाना केन्द्रीय चिकित्सालय के सभागार कक्ष में मेडिकल इमरजेंसी एण्ड ट्रामा केयर पर पोस्ट बजट वेबिनार का सजीव प्रसारण किया गया। 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित किया, जिसका सजीव प्रसारण पूरे देश में किया गया। तदुपरान्त विशेषज्ञों द्वारा इमरजेंसी, ट्रामा केयर तथा अन्य लाभदायक कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेका डा0 देवेश कुमार तथा सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ़ ने साथ मिलकर वेबिनार का सजीव प्रसारण देखा ।

## परिषदीय स्कूलों के छात्र करेंगे इसरो का भ्रमण

**वाराणसी।** परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को हवाई यात्रा कराई जाएगी। इसके लिए वाराणसी, प्रयागराज और मीरजापुर मंडल के कुल 22 छात्र-छात्राओं का चयन कर लिया गया है। ये चयनित छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए थे और प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए हुए थे। वाराणसी मंडल के AD बेसिक हेमंत राव इन 22 छात्र-छात्राओं का लेकर बंगलुरू जाएंगे। वहां छात्र-छात्राओं को ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का भ्रमण भी कराया जाएगा।

## अखिल भारतीय कुम्हार प्रजापति युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुम्हार प्रजापति समाज की मातृशक्ति ने अखिल भारतीय कुम्हार प्रजापति युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2026 को सफल बनाने के लिए एक मजबूत नींव रखी । इस अवसर पर IRS भाविका माल, अंतर्राष्ट्रीय कराधान और हस्तांतरण मूल्य निर्धारण विभाग में आयकर उपायुक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर हीरालाल ब्रान्धना, संयोजक ने बताया कि परिचय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु संगीता सोतवाल (पूर्व पार्षद) की अध्यक्षता में एक 'महिला टीम का गठन' किया गया है।

## 2200 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम स्वच्छ काशी, सुंदर काशी व प्लास्टिक मुक्त काशी बनाने की मुहिम में जुटी हुई है । इस क्रम में सोमवार को नगर निगम की टीम ने बड़ा तीर मारा। फुलवरिया (लहरतारा) स्थित गेट नंबर पांच के पास एक ट्रक से करीब 2200 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद किया गया है। अपर नगर आयुक्त संगम लाल के नेतृत्व में पहुंची टीम ने माल को कब्जे में लेकर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद ट्रक का चालान कर दिया गया।

## लोहता थाना क्षेत्र में एक और चोरी

**● दो लाख नगद सहित कीमती आभूषणों पर हाथ साफ किया**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लोहता थाना क्षेत्र के ककरिया गांव में बीती रात चोरों ने दो लाख नगद और आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी है। पीड़ित के अनुसार चोरी की रकम लाखों में है। बताते चलें कि लोहता थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर महीने भर में कई बड़ी चोरियां हो चुकी है लेकिन अभी तक किसी का भी खुलासा नहीं हो पाया।

## बलवंत सिंह कॉलेज के एनएसएस शिविर का सुंदरकांड पाठ के साथ शुभारंभ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज, गंगापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना NSS के सात दिवसीय विशेष 'दिन-रात' शिविर का शुभारंभ 9 मार्च को राजातालाब स्थित परिसर से हुआ। यह शिविर भीमचंडी बाजार स्थित धर्मशाला में सात दिन तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. लालजी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिला नन्द सिंह, डॉ. अर्चना सिंह ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. लालजी (सहायक निदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय) ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विजन समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़ा है।

## वैश्य समाज ने होली मिलन समारोह में गुलाब के पंखुड़ियों से खेली होली



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रंगों के पर्व होली के शुभ अवसर पर सर्व वैश्य समाज समिति द्वारा वैश्य समाज के बंधुओ के मेल मिलाप व आपसी सहयोग को बढ़ावा देने हेतु भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन गणेश मंडपम लॉन, भरत मिलाप मैदान, नाटी ईमली में किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ कलाकारों द्वारा गणेश वंदना से प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि रविन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, समिति के अध्यक्ष आर. के.चौधरी, महामंत्री दीपक कुमार बजाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, गोविन्द केजरीवाल, प्रदीप तुलस्यान, विजय जायसवाल, अरविंद जायसवाल, सूरज गुप्ता, नीरज पारीख, द्वारा किया गया।

## धर्म संघ से 19 को निकलेगी हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी

**● 12 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** श्रीहनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष काशी में धूमधाम से आयोजित होने वाले हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के बारे में आज एक बैठक होटल हरि विला श्रीनगर कॉलोनी पर आहूत की गई । समिति के अध्यक्ष कौशल शर्मा कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति राजस्थानी हिंदू धर्म को मानने वाले इसके सदस्य श्रीहनुमान ध्वजा प्रभात फेरी व हनुमान महोत्सव का आयोजन 25 वर्षों से लगातार करता आ रहा है यह उत्सव मुख्य रूप से समाज की एकता का पर्व है इस वर्ष भी हनुमान जयंती महोत्सव मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत सभी समाज के लोग 19 मार्च 2026 को धर्म संघ में प्रातः 5:40 बजे एकत्र होंगे और भक्तों को हनुमान ध्वजा देकर प्रभात फेरी का शुभारंभ करेंगे । जो रवींद्र पुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक जाएगी प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण की जाएगी सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा। सुंदरकांड पाठ एवं श्रीरानी सती श्याम भक्त मंडल की ओर से भजन कीर्तन का भी आयोजन होगा। 12 अप्रैल को महा विशाल शोभायात्रा धर्म संघ से निकाली जाएगी जिसमें राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न हनुमान जी राम सीता की जीवंती झांकी के साथ रथ पर हनुमानजी की रंग बिरंगी फूलों से झांकी सजाई जाएगी 1101 महिलाएं पुरुष हनुमान ध्वजा लेकर साथ चलेंगे जो रवींद्र पुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर जाएगी।

## गिव-टू-गेन थीम के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा लंका द्वारा गिव टू गेन थीम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर डा. प्रज्ञा ओझा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डा. प्रीती अग्रवाल (नेत्र शल्य चिकित्सक), उद्यमी पूजा चतुर्वेदी, विम्मी रानी गौर (उप-निरीक्षक, लंका थाना तथा शिप्रा सिंह (प्रभारी, संकट मोचन, पुलिस स्टेशन) उपस्थित रहीं। बैंक की तरफ से आनंद लखमानी, उप क्षेत्रीय प्रबन्धक के साथ निशी सक्सेना, सांगा डे तथा शाखा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।


रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com




## मकाऊ पेंट्स ने 'होली के रंग, मैजिक के संग' के साथ मनाया रंगोत्सव

**● वाराणसी के साथ कोलकाता, पटना, लखनऊ, और भुवनेश्वर में समारोह का आयोजन**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मकाऊ पेंट्स ने 'होली के रंग, मैजिक के संग' थीम के तहत कोलकाता, पटना, लखनऊ, वाराणसी और भुवनेश्वर में भव्य और अनुभवात्मक होली उत्सव का आयोजन कर उत्साह और रंगों की छटा बिखेरी। इस बहु-शहर पहल के माध्यम से ब्रांड ने पारंपरिक होली के उल्लास को इंटरैक्टिव ऑन-ग्राउंड गतिविधियों के साथ जोड़ते हुए ऊर्जावान और आकर्षक अनुभव प्रस्तुत किए। कोलकाता में समारोह PC Chandra Garden में आयोजित किया गया, जबकि पटना, लखनऊ, वाराणसी और




भुवनेश्वर के प्रमुख स्थलों पर भी बड़े पैमाने पर कार्यक्रम हुए। प्रत्येक शहर में आयोजन ने वहां की सांस्कृतिक पहचान और उत्सवी लय को विशेष रूप से दर्शाया। कार्यक्रम का आकर्षण अनूठी बैलून वॉल इंस्टॉलेशन रही, जहां प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों पर डार्ट फेंककर नीचे छिपे 'MACAW' नाम को उजागर किया। पटना में दिन के समय गरबा होली का आयोजन हुआ, जिसके बाद शाम को भोजपुरी सितारे Khesari Lal Yadav Deewj Neelam Giri ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। भुवनेश्वर में हर्बल होली के रंगों ने उत्सव को विशेष पहचान दी।

## समस्त विकास खण्ड में 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज का वितरण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनपद के समस्त विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर स्टाल के माध्यम से हाइब्रिड मक्का बीज प्रजाति-NMH 920 (मल्लिका) जिसका बिक्रय मूल्य-245 प्रति किग्रा है एवम् प्रजाति-HQPM-5, जिसका विक्रय मूल्य-285 प्रति किग्रा है, का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरित किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने कहा है कि जनपद के जिन किसानों को जायद सीजन में मक्का की खेती करनी है, वे किसान अपने विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार से सम्पर्क कर हाइब्रिड मक्का का बीज अनुदान पर प्राप्त कर लें।

## मऊ समाचार

### घोसी चीनी मिल और अन्य मांगों के लिए 18 मार्च को धरने पर बैठेंगे तीन संगठनों के कार्यकर्ता



**मऊ।** घोसी नगर के बनगावा स्थित मैरिज हाल में सोमवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित हुई। घोसी चीनी मिल को चालू करने और यूजीसी बिल लागू करने के समर्थन में 18 मार्च को कलेक्ट्रेट पर होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। गरीब समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार बागी मुर्दहवा ने कहा कि गन्ना तौल के साथ ही जब तक पेराई शुरू नहीं हो जाता, तब तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। घोसी के ब्लॉक प्रमुख डॉ. रामकृष्ण यादव ने कहा कि सरकार किसान विरोधी है, यदि किसानों के हित में चीनी मिल चालू नहीं किया तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। कहा कि सरकार के कई मंत्रियों ने केवल पत्र लिखा है। जब उसका जवाब नहीं मिलता है तो किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के मंत्री 18 मार्च को धरना प्रदर्शन में शामिल हो जाएं और बताएं कि सरकार उनकी नहीं सुन रही है। इस दौरान सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष सूर्यभान यादव, पवनी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम मनोहर उर्फ हिटलर विश्वकर्मा, शिक्षक नेता ओमप्रकाश बागी, राजकुमार चौहान, राशिद उमर अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## चंदौली समाचार

### मोबाइल मेडिकल यूनिट से मुफ्त इलाज शुरू

**मुगलसराय।** विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए गार वरलक्ष्मी फाउंडेशन ने एक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों और रेलवे स्टेशन परिसर के आसपास रहने वाले जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है, खासकर उन लोगों को जिन्हें अस्पताल पहुंचने में कठिनाई होती है। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन के माध्यम से डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी सीधे लोगों के बीच पहुंचकर जांच करते हैं और आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध कराते हैं। वैन में आधुनिक चिकित्सा उपकरण और जरूरी दवाइयों की व्यवस्था है, जिससे कई सामान्य बीमारियों का मौके पर ही इलाज संभव हो पाता है। यह सुविधा विशेष रूप से दैनिक मजदूरी करने वाले, बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है।

## भदोही समाचार

### दोस्त से मिलकर घर लौटते समय कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत



**अभोली।** सुरियावां के जोधापुर-मकनपुर रोड पर बासुपुर मोड़ के पास सोमवार की शाम छह बजे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चालक हरिओम चौबे (28) की मौत हो गई। पेड़ से टकराने के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई। औराई के मुक्तापुर गांव निवासी हरिओम चौबे (28) के भाई अनुराग चौबे ने बताया कि हरिओम मुंबई में रहता था। होली के दिन गांव आया था। हरिओम सोमवार को सुबह 10 बजे कार से मकनपुर गांव स्थित मित्र जीतेश तिवारी के घर गया था। शाम करीब छह बजे पुलिस ने सूचना दी कि हरिओम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक हरिओम को एक बेटा और एक बेटी हैं। मृतक की पत्नी ज्योति सहित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। प्रभारी निरीक्षक मनीष द्विवेदी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### स्कूल चलो अभियान 25 मार्च से, घर-घर पहुंचेंगे शिक्षक

**सुल्तानपुर।** नए शैक्षिक सत्र 2026-27 में परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग 25 मार्च से स्कूल चलो अभियान शुरू करेगा। वार्षिक परीक्षा और परिणाम वितरण के बाद प्रधानाध्यापक व शिक्षक घर-घर पहुंचकर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित करेंगे। अभियान के दौरान अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), कायाकल्प योजना के तहत विकसित स्कूल भवन, खेल सामग्री और मिड-डे-मील की सुविधाओं से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। ताकि सत्र शुरू होते ही अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित हो सके। पिछले सत्र में नामांकन लक्ष्य के अनुरूप नहीं बढ़ सका था।

## जौनपुर समाचार

### फूलों के साथ अबीर-गुलाल उड़ाकर मनाया होली मिलन समारोह



**जौनपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा इकाई जौनपुर के तत्वावधान में रविवार को केशवपुर स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजपति यादव ने की। समारोह में लोगों ने फूलों के साथ अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसे सुरेश यादव ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण संरक्षक एवं पूर्व सीएमओ सोनभद्र डॉ. राम अवध यादव ने दिया। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष एवं एमएलसी लाल बिहारी यादव ने कहा कि होली आपसी सौहार्द और भाईचारे का त्योहार है। सभी लोगों को मिलजुल कर प्रेम और सौहार्द बनाए रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह यादव ने कहा कि संगठन जब मजबूत होगा, तभी समाज का भला संभव है। प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक यादव ने प्रदेश में चयनित कार्यकारिणी के सदस्यों को मुख्य अतिथि के हाथों मनोनयन प्रमाण पत्र वितरित कराया। इस दौरान जिला अध्यक्ष लालजी यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## बलिया समाचार

### बाइक की टक्कर से बाजार जा रहे युवक की गई जान

**बैरिया।** रेवती मार्ग पर दलपतपुर चट्टी के समीप शनिवार को दो बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में अंकित यादव की मौत हो गई। पीछे बैठा राकेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार पर प्राथमिकी दर्ज की है। जमालपुर निवासी अशोक यादव ने दी तहरीर में आरोप लगाया कि शनिवार की शाम को पुत्र अंकित यादव (19) अपने दोस्त राकेश यादव (18) के साथ बाइक से बाजार गया हुआ था। दलपतपुर चट्टी के निकट एक विद्यालय के पास बैरिया की तरफ से आ रही बाइक ने मेरे पुत्र अंकित की बाइक में टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों बाइक सवार बाइक लेकर भाग गए। टक्कर में बेटा घायल हो गया। बाइक पर पीछे बैठा राकेश यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## मीरजापुर समाचार

### मण्डलायुक्त ने नगर पंचायत कछंवा का किया आकस्मिक निरीक्षण—बरौनी तिराहा से गड़ौली धाम के सड़क मरम्मत की गुणवत्ता की भी जांच



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल राजेश प्रकाश ने नगर पंचायत कछंवा में पहुंचकर कार्यालय तथा कार्यालय के रिकार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अन्तर्गत कुल प्रापर्टी की संख्या एवं प्रापर्टियो पर निर्धारित हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पत्रावली को देखकर विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नगर पंचायत अन्तर्गत कुल 2000 प्रापर्टी है नए सर्वे के अनुसार 1200 प्रापर्टियां बढ़ी है कुल मिलाकर वर्तमान 3200 प्रापर्टी है। मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रापर्टियो पर लगाए गए हाउस टैक्स मे से 05 बड़े प्रापर्टियो की पत्रावली लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, संयुक्त विकास आयुक्त के माध्यम से परीक्षण कराए कि लगाए गए हाउस टैक्स निर्धारित नियमानुसार ही है। निरीक्षण के दौरान सही बुकलेट न बनाए जाने मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नारा. जगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि अगली बार किसी भी निरीक्षण में बुकलेट में सभी जानकारियां बिन्दुवार उल्लेख होना चाहिए अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत कछंवा मिताली जायसवाल के द्वारा मण्डलायुक्त को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत व अभिनन्दन किया। मण्डलायुक्त द्वारा अपने कछंवा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बरैनी तिराहा से गड़ौली धाम रोड पर किए गए मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण गुणवत्ता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। मण्डलायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय बरैनी में चौपाल लगाकर उपस्थित ग्रामीणो की संमस्याओ को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, लगाए गए कुल हैण्डपम्पो के सापेक्ष चालू व खराब हैण्डपम्प, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति, राशन कार्ड व राशन वितरण की स्थिति, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियो से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की।

## आजमगढ़ समाचार

### पति गया था बाजार, कमरे में फंदे से लटकती मिली अध्यापिका

**आजमगढ़।** राहुल नगर वार्ड में किराये के मकान में रह रही अध्यापिका नीतू यादव (32) का कपड़े के फंदे से लटकता शव मिला। पति दाह-संस्कार के लिए पैतृक गांव रौनापार थाना क्षेत्र के छोटी हरैया पहुंचा। इसी दौरान मायका पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार रोककर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति रामकृष्ण यादव ने बताया कि नीतू मेरे व छोटी पुत्री के साथ बिलरियागंज के राहुल नगर में किराए के मकान में रहती थीं। वह आंबेडकर नगर में प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थीं।

सोमवार की सुबह करीब नौ बजे तक सब कुछ ठीक रहा। वह कुछ देर के लिए बाजार चले गए थे। करीब 10 बजे जब वह लौटकर आए तो देखा कि नीतू अपने कमरे में कपड़े के फंदे से झूल रही है। घटना के बाद पति रामकृष्ण यादव शव लेकर अपने पैतृक गांव रौनापार पहुंचे।

## कुशीनगर समाचार

### गेहूं के खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका- जमीन से सटा था पैर



**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के संखापार माफी गांव में मंगलवार को गेहूं के खेत में पेड़ से लटका एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

बताया जा रहा है कि खेत की ओर गए ग्रामीणों की नजर पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोग हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## गाजीपुर समाचार

### फर्जी डिग्री पर नौकरी कर रहा शिक्षक बर्खास्त

**सैदपुर।** कोतवाली क्षेत्र के टाउन नेशनल इंटर कॉलेज में फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे शिक्षक के खिलाफ रविवार को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह के निर्देश पर प्रबंधक सनद कुमार पांडेय ने प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही विद्यालय प्रशासन ने शिक्षक को बर्खास्त कर दिया है। कोतवाल वीरेंद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि वाराणसी जनपद के नहिया गांव निवासी शिक्षक शिवाकांत पांडेय एमएससी और बीएड की कूट रचित डिग्री लगाकर नौकरी कर रहे थे। गोरखपुर विश्वविद्यालय से उनके प्रमाण पत्रों की जांच कराई गई तो पता चला कि उक्त अनुक्रमांक विज्ञान विषय वर्ग में किसी भी छात्र-छात्रा का नहीं है। वहीं बीएड की डिग्री में भी आवंटित अनुक्रमांक दर्ज नहीं मिला। इससे स्पष्ट हो गया कि उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रमाण पत्र फर्जी है।

## सोनभद्र समाचार

### जंगल में पेड़ से लटकता मिला महिला का शव, जमीन को छू रहा था पैर



**सोनभद्र।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के खाड़पाथर के जंगल में सोमवार की सुबह शुकवरिया देवी (42) का शव पेड़ के सहारे फंदे से लटकता मिला। महिला के घुटने जमीन को छू रहे थे। वह रविवार की शाम नाराज होकर घर से निकली थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। खाड़पाथर के जंगल की ओर सोमवार की सुबह कुछ लोग टहलने के लिए गए थे। वहां पेड़ के सहारे महिला का शव लटकता देख सन्न रह गए। कुछ ही देर में भीड़ जुट गई। पुलिस ने खाड़पाथर के सभासद प्रतिनिधि शंभू खरवार को बुलाकर शव की पहचान कराई। महिला की शिनाख्त खाड़पाथर की ही शुकवरिया देवी (42) के रूप में हुई। उसके पति राजेंद्र खरवार की मौत हो चुकी है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर पूछताछ की। पुत्र राकेश ने बताया कि शुकवरिया देवी रविवार की रात करीब 10 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गई थी। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह जंगल में शव मिलने की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। पिपरी एसओ प्रणय प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दाम बढ़ने की अफवाह, पेट्रोल भरवाने उमड़े लोग

**दुद्धी।** पेट्रोल-डीजल की किल्लत और दाम बढ़ने की अफवाह से आम उपभोक्ता परेशान हैं। अफवाह के चक्कर में लोग वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए पंपों पर उमड़ पड़े। इस दौरान कई पंपों पर पेट्रोल का स्टॉक खत्म हो गया, जबकि डीजल की बिक्री जारी रही। स्थानीय कस्बा, बिडर, रजखड़, जाबर, पोलवा सहित आसपास के गांवों में यह अफवाह फैली कि अमेरिका, इस्रायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल के दामों में जल्द बढ़ोतरी हो सकती है। इस खबर के फैलते ही नेशनल हाईवे-39 स्थित पेट्रोल पंपों पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

## देवरिया समाचार

### बारात से घर लौट रहे थे, क्रेटा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई- सवार दो युवकों की मौत



**देवरिया।** थाना क्षेत्र के सोनू घाट से महुआनी मार्ग पर घटैला गाजी के सेमरहवा बाबा स्थान के पास सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बारात से घर लौट रहे थे, तभी उनकी क्रेटा कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार अतुल कुमार पांडेय उर्फ प्रिंस पांडेय (28) पुत्र स्व. मार्कंडेय पांडेय, निवासी वार्ड नंबर 5, टोला जेठहंसी, नगर पंचायत बरियारपुर और आकाश पाल पुत्र हरिशंकर पाल, निवासी सठियांव थाना खुखुन्दू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार सुबह बरियारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बताया जाता है कि अतुल पांडेय बैकुंठपुर में रेडिमेड कपड़ों की दुकान चलाते थे, जबकि आकाश पाल उसी दुकान पर काम कर अपना जीवनयापन करता था। दोनों के गांव में जैसे ही मौत की खबर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस होगी बंद:60% से अधिक सीटें खाली



**प्रयागराज।** प्रयागराज से गोरखपुर के बीच दौड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को जल्द ही बंद करने की तैयारी हो रही है। पर्याप्त यात्री न मिलने और रेलवे को फायदा न होने से इसे बंद करने पर विचार चल रहा है।

आंकड़ों के अनुसार प्रयागराज-लखनऊ रूट पर रोजाना औसतन 60 प्रतिशत से अधिक सीटें खाली रह रही हैं, जिससे राजस्व में भारी गिरावट आ गई है।

शुरुआत में यह ट्रेन केवल गोरखपुर-लखनऊ के बीच चलती थी।

यात्रियों की मांग पर मार्च 2024 में इसका विस्तार प्रयागराज तक किया गया, लेकिन अब कम ऑक्यूपेंसी से रेलवे को घाटा हो रहा है। उत्तर मध्य रेलवे ने पहले ही आगरा-उदयपुर वंदे भारत को कम यात्रियों के कारण बंद कर दिया है। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य रौनक गुप्ता ने कहा कि प्रयागराज से ट्रेन की रवानगी का समय यात्रियों को सुविधाजनक नहीं लग रहा। इसे बंद करने के बजाय सुबह चलाया जाए और शाम को वापसी होनी चाहिए। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वंदे भारत के लिए 40-50 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी पर्याप्त नहीं। यात्री न बढ़ें तो रैक को व्यस्त रूट पर लगाना बेहतर होगा। एनसीआर सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी के अनुसाार आगरा-उदयपुर वंदे भारत बंद हो चुका है। प्रयागराज-गोरखपुर अभी चल रही है, लेकिन अंतिम निर्णय रेलवे बोर्ड लेगा। कम यात्रा के कारण वंदे भारत ट्रेनों की समीक्षा तेज हो गई है। यात्रियों की सुविधा और रेलवे की आय के बीच संतुलन बनाना चुनौती बन गया है।

## लाइफ मंत्र

### क्या नवरात्रि में शादी या गृह प्रवेश करना होता है शुभ? धर्म ग्रंथों से जानें सच्चाई

चैत्र नवरात्रि 2026 की शुरुआत 19 मार्च 2026 से हो रही है। यह नौ दिन शक्ति की उपासना, संकल्प और शुद्धता के माने जाते हैं। अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि जब ये दिन इतने पवित्र हैं, तो इनमें शादी या गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य क्यों नहीं किए जाते?

**क्या नवरात्रि में विवाह और गृह प्रवेश शुभ है?**

नवरात्रि अत्यंत शुभ है, लेकिन ज्योतिषीय रूप से विवाह के लिए यह समय वर्जित होता है। वहीं, गृह प्रवेश के मामले में नियम थोड़े अलग हैं।



**विवाह और नवरात्रि: क्यों नहीं बजती शहनाई?**

धर्म ग्रंथों और मुहूर्त जैसे ज्योतिष ग्रंथों के अनुसार, किसी भी कार्य की सफलता उसके मुहूर्त पर निर्भर करती है। नवरात्रि में विवाह न होने के पीछे प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं:

**मलमास या खरमास का प्रभाव:** चैत्र नवरात्रि अक्सर मार्च या अप्रैल में पड़ती है। इस दौरान सूर्य मीन राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे 'मीन संक्रांति' या खरमास कहा जाता है। शास्त्रों में खरमास के दौरान विवाह करना वर्जित माना गया है क्योंकि इस समय सूर्य का तेज कम हो जाता है और शुभ कार्यों के लिए गुरु का बल नहीं मिल पाता।

**संयम और ब्रह्मचर्य का समय:** नवरात्रि का अर्थ है शक्ति की साधना। इन नौ दिनों में भक्त उपवास रखते हैं और ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं। विवाह एक भोग-विलास और वंश वृद्धि से जुड़ा संस्कार है, जो साधना के इन दिनों की ऊर्जा के विपरीत माना जाता है।

**शुक्र तारा का अस्त होना:** कई बार चैत्र नवरात्रि के दौरान शुक्र तारा अस्त होता है। बिना शुक्र के उदय हुए विवाह संपन्न नहीं किए जा सकते।

**गृह प्रवेश:**

**नया घर:** अगर आप बिल्कुल नए घर में जा रहे हैं, तो इसके लिए सूर्य, गुरु और शुक्र की स्थिति देखी जाती है। यदि खरमास लगा है, तो नए घर में प्रवेश से बचा जाता है।

**जीर्णोद्धार या पुराना घर:** अगर घर की मरम्मत कराई है या आप किराए के घर में जा रहे हैं, तो नवरात्रि के नौ दिन बहुत शुभ माने जाते हैं क्योंकि माता दुर्गा स्वयं शक्ति और निवास की अधिष्ठात्री हैं।

**अपवाद:** कई विद्वान मानते हैं कि नवरात्रि के नौ दिन स्वयंसिद्ध मुहूर्त होते हैं लेकिन गृह प्रवेश जैसे बड़े निवेश और स्थायित्व वाले कार्यों के लिए फिर भी स्थानीय पंचांग और नक्षत्र शुद्धि देख लेनी चाहिए।

## PAN Card Scam को लेकर रहे चौकन्ना, सरकार ने जारी की चेतावनी, भूल कर भी ना करें ऐसा




साइबर ठगी करने वालों का नया हथकंडा सामने है। दरअसल, साइबर अपराधी लोगों को ईमेल भेजकर ई-पैन कार्ड डाउनलोड करने का झांसा दे रहे हैं। वहीं PIBFactCheck ने X पर पोस्ट कर ठगी के इस नए जाल से बचकर रहने की सलाह दी है। ठग अपने इस नकली लिंक से लोगों का निजी डेटा जैसे की आधार या बैंक की डिटेल्स चुराकर झूठे लोन और बैंक के साथ धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। इन दिनों साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसी कड़ी में साइबर ठगी करने वालों का नया हथकंडा सामने है। दरअसल, साइबर अपराधी लोगों को ईमेल भेजकर ई-पैन कार्ड डाउनलोड करने का झांसा दे रहे हैं। वहीं PIBFactCheck ने X पर पोस्ट कर ठगी के इस नए जाल से बचकर रहने की सलाह दी है। ठग अपने इस नकली लिंक से लोगों का निजी डेटा जैसे की आधार या बैंक की डिटेल्स चुराकर झूठे लोन और बैंक के साथ धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। PIBFactCheck ने साफ लिखा है कि ये ईमेल नकली है और इस तरह के किसी भी ईमेल पर मौजूद लिंक पर आपको क्लिक नहीं करना चाहिए। इसके अलावा इसकी शियाकत करने के बारे में भी सरकारी फैक्ट चेक संस्था ने पूरी जानकारी उपलब्ध कराई है।

**जानें क्या है e-PAN Card Scam?**

ई-पैन कार्ड स्कैम साइबर अपराधियों का ठगी करने का नया अधिकार है। इसमें लोगों को ई-पैन कार्ड डाउनलोड कनरे के लिए कहा जाता है। ये मेल इस तरह से लिखा जाता है कि जैसे इनकम टैक्स विभाग की ओर से भेजा गया हो। ई-पैन कार्ड डाउनलोड करने के लिए ईमेल में मौजूद लिंक फर्जी होता है। जिसका मकसद यूजर की निजी डिटेल्स चुराकर लोगों का बैंक अकाउंट खाली करना होता है। अगर आपको भी ई-पैन कार्ड जैसा कोई फर्जी ईमे आता है तो आप इसकी शिकायत आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए आप संदिग्ध ईमेल या ईमेल में आए वेबसाइट के लिंक को Webmanager@incometax.gov.in पर भेज दें। इसके अलावा CERT-In को सूचना दें। इसकी एक कॉपी incident@Cert.in.org.in पर भी भेजें। इसके तुरंत बाद उस फर्जी ईमेल को अपने इनबॉक्स से डिलीट कर दें।



## Apple का बड़ा दांव! Touchscreen वाला MacBook Pro और Foldable iPhone लाएगा Tech की दुनिया में भूचाल

**एप्पल 2026 तक एक फोल्डेबल आईफोन लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसमें 7.8-इंच की OLED स्क्रीन और A20 प्रो प्रोसेसर जैसे प्रीमियम फीचर हो सकते हैं। इसके साथ ही, कंपनी पहली बार टचस्क्रीन वाला मैकबुक प्रो भी पेश कर सकती है, जो M6 सीरीज के चिपसेट से लैस होगा और एप्पल के प्रोडक्ट लाइनअप में बड़े तकनीकी बदलाव का संकेत देगा।**

पिछले सप्ताह टैकनोलजी जगत में एप्पल की नई घोषणाओं ने काफी चर्चा बटोरी है। कंपनी ने हाल ही में अपने सबसे सस्ता लैपटॉप मैकबुक नियो सहित कई नए उपकरण पेश किए हैं।

हालांकि मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी केवल सस्ते उत्पादों पर ही ध्यान नहीं दे रही है, बल्कि प्रीमियम श्रेणी में भी कुछ बड़े और उन्नत उपकरण लाने की तैयारी कर रही है।

बताया जा रहा है कि एप्पल आने वाले समय में ऐसे नए उपकरण तैयार कर रही है जो मौजूदा उत्पादों से एक स्तर ऊपर होंगे। इन उपकरणों को कंपनी की उच्च श्रेणी की श्रृंखला में रखा जा सकता है और इनमें कई नई तकनीक देखने को मिल सकती है।

सबसे ज्यादा चर्चा उस फोल्ड होने वाले आईफोन को लेकर हो रही है जिस पर कंपनी लंबे समय से काम कर रही है। गौरतलब है कि अब तक कई बड़ी मोबाइल कंपनियां फोल्ड होने वाले फोन बाजार में उतार चुकी हैं, लेकिन एप्पल ने अभी तक ऐसा कोई उपकरण पेश नहीं किया है।

मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी का यह नया फोन मौजूदा प्रो मैक्स मॉडल से भी ऊपर की श्रेणी में रखा जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस फोल्ड होने वाले आईफोन में लगभग 7.8 इंच का बिना सिलवट वाला ओएलईडी अंदरूनी स्क्रीन और करीब 5.5 इंच का बाहरी डिस्प्ले दिया जा सकता है। इसके डिजाइन को किताब की तरह मोड़ने योग्य बताया जा रहा है, जो बाजार में मौजूद कुछ अन्य फोल्ड फोन से अलग हो सकता है।

तकनीकी जानकारी की बात करें तो इसमें नया ए20 प्रो प्रोसेसर मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ चार कैमरे और लगभग 5,500 एमएएच से ज्यादा क्षमता वाली बैटरी दिए जाने की भी चर्चा है। माना जा रहा है कि यह फोन वर्ष 2026 में सितंबर के आसपास लॉन्च हो सकता है और इसकी कीमत अमेरिकी बाजार में करीब 2,400 डॉलर के आसपास रखी जा सकती है।

दूसरा बड़ा बदलाव कंपनी के मैकबुक प्रो में देखने को मिल सकता है। मौजूद जानकारी के अनुसार कंपनी इस लैपटॉप में ओएलईडी स्क्रीन देने की तैयारी कर रही है। खास बात यह है कि इसमें पहली बार स्पर्श से चलने वाला डिस्प्ले भी दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह मैकबुक श्रृंखला के इतिहास में पहली बार होगा जब लैपटॉप को सीधे स्क्रीन छूकर चलाया जा सकेगा।


बताया जा रहा है कि नया मैकबुक प्रो अगली पीढ़ी के एम6 प्रो और एम6 मैक्स प्रोसेसर के साथ आ सकता है, जिन्हें अत्याधुनिक निर्माण तकनीक से तैयार किया जाएगा। इसमें एक नया इंटरफेस और स्पर्श उपयोग को आसान बनाने के लिए बड़े नियंत्रण बटन भी दिए जा सकते हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कंपनी इसे मैकबुक अल्ट्रा नाम देगी या नहीं।

इसके अलावा एप्पल नए एयरपॉड्स पर भी काम कर रही है। मौजूद जानकारी के अनुसार अगली पीढ़ी के इन वायरलेस ईयरबड्स में खास तरह के इंफ्रारेड कैमरे दिए जा सकते हैं, जिनकी मदद से उपयोगकर्ता के आसपास के वातावरण को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। इससे वॉयस असिस्टेंट सिरी को अधिक स्मार्ट बनाने में मदद मिल सकती है।

बताया जा रहा है कि इन कैमरों का इस्तेमाल फोटो या वीडियो लेने के लिए नहीं बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। गौरतलब है कि एप्पल पिछले कुछ समय से अपने उपकरणों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक को तेजी से जोड़ने पर काम कर रही है।

कुल मिलाकर माना जा रहा है कि आने वाले वर्षों में एप्पल के नए उपकरण तकनीक और डिजाइन दोनों के मामले में बड़े बदलाव लेकर आ सकते हैं और प्रीमियम श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए नए विकल्प मौजूद करा सकते हैं।

## गर्मी से पहले महंगाई का करंट! AC खरीदना हुआ महंगा, Price Hike से बिगड़ेगा आपका बजट



भीषण गर्मी की शुरुआत से पहले ही डाइकिन, वोल्टास और ब्लू स्टार जैसी प्रमुख एसी कंपनियों ने कीमतों में 5-15% की बढ़ोतरी कर दी है। कच्चे माल की बढ़ती लागत, रुपये की कमजोरी और नए ऊर्जा मानकों को इस मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण बताया जा रहा है, जिससे ग्राहकों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा।

मार्च की महीने में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। ऐसे में गर्मी का मौसम शुरु होते ही एयर कंडीशनर के दाम आसमान छू रहे हैं। क्या आप भी एसी खरीदने का प्लान बना रहे हैं। इस बार एयर कंडीशनर की कीमत सुनकर ग्राहकों को बड़ा झटका लगने वाला है। इस बीच, देश की प्रमुख एसी कंपनियों ने कीमतों में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। आपको बता दें कि, यह बढ़ोतरी फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही है, इस मौसम में एसी की मांग तेजी से बढ़ने लगती है। असल में डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने अपने अलग-अलग मॉडलों के दाम बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी का कहना है कि कच्चे माल की लागत बढ़ने और आयात महंगा होने के कारण कंपनियों को दाम बढ़ाना पड़ा है।

**कच्चे माल और रुपये की कमजोरी बना बड़ा कारण**

एसी की बढ़ती हुईं कीमत सबसे बड़ी वजह कच्चे माल की बढ़ती लागत बताई जा रही है। असल में तांबा, जो एसी बनाने में मुख्य भूमिका निभाता है, पिछले कुछ समय से महंगा हो गया है। इसके अतिरिक्त रुपये की कमजोरी के कारण आयातित सामान और पुर्जों की कीमत भी बढ़ गई है। कंपनियों ने बताया है कि नए ऊर्जा-दक्षता मानकों के कारण भी उत्पादों की लागत बढ़ी है। इसके साथ ही ग्लोबल स्तर पर माल ढुलाई यानी शिपिंग की लागत भी बढ़ चुकी है, जिससे आयात और महंगा हो गया है। जिस वजह से एसी के उत्पादन खर्च को बढ़ा दिया गया है।

**कंपनियों ने अलग-अलग स्तर पर बढ़ाए दाम**

एयर कंडीशनर बनाने वाली कंपनियां अपने उत्पादों की कीमतों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी कर रही हैं। Daikin India के अनुसार कंपनी अप्रैल से एसी की कीमतों में लगभग 12 फीसदी तक इजाफा करेगी। वहीं Blue Star Limited ने फरवरी के मध्य में ही अपने उत्पादों के दाम करीब 8 से 10 फीसदी तक बढ़ा दिए थे। इसके अलावा Voltas Limited, जो Tata Group की कंपनी है, वह भी कीमतों में 5 से 15 फीसदी तक बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। हालांकि कंपनियों का कहना है कि फिलहाल बाजार में पुराना स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए शुरुआती समय में ग्राहकों को कीमतों में बहुत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

**एसी महंगी होने के बाद भी ब्रिकी बढ़ने की उम्मीद**

गौरतलब है कि कीमतों में बढ़ोतरी के बाद भी उद्योग को इस साल ब्रिकी में तेजी की उम्मीद है। इसके अलावा, मौसम विभाग ने भी इस बार भीषण गर्मी का अनुमान जताया है, जिसके चलते एसी की मांग और भी बढ़ सकती है। इतना ही नहीं, नए स्टार-रेटेड मॉडल बिजली की खपत को कम करते हैं, जिससे ग्राहकों की दिलचस्पी इन उत्पादों में बनीं हुई है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप



मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
